Notice is further given that pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013 read with Rule 10 of the Companies (Management & Administration) Rules, 2014 and Regulation 42 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, the Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from Friday, September 23, 2022 to Thursday, September 29, 2022 (Both days inclusive) for the purpose of 27th AGM of the Company and payment of final dividend, if declared at the AGM.

Notice is further given that pursuant to the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management & Administration) Rules, 2014 as amended from time to time and Regulation 44 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015, the Company is pleased to provide its members with the facility to exercise their right to vote on the agenda items as stated in the notice of the 27th AGM by electronically through remote e-voting (prior to AGM) and e-voting (during the AGM) through the e-voting services provided by Central Depository Services (India) Limited (CDSL).

The details pursuant to the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 and the relevant Rules prescribed there under are as follows:

1. The business may be transacted through voting by electronic means.
2. Day, Date and time of commencement of remote e-voting: Sunday, September 25, 2022 from 09:00 A.M.
3. Day, Date and time of end of remote e-voting: Wednesday, September 28, 2022 at 5:00 P.M.
4. Cut-off Date for remote e-voting: September 22, 2022.
5. Any person, who acquires shares of the company and has become a member of the company after dispatch of notice and holding shares as on the cut-off date i.e. Thursday, September 22, 2022 may obtain the login ID and Password by sending an e-mail to helpdesk.evoting@cdslindia.com by mentioning his Folio No./ DP ID and Client ID No. However, if any Member is already registered with CDSL for remote e-voting, then he can use his existing user ID and Password for casting his vote. If he forgets his password, he can reset password by using "Forget User Details/ Password" option available on www.evotingindia.com or contact CDSL at the following Toll Free No.1800225533.
6. E-voting by electronic mode shall not be allowed beyond 5.00 P.M. on Wednesday, September 28, 2022.
7. The facility for voting through electronic means shall be made available at the AGM and the members attending the meeting who have not cast their vote by remote e-voting shall be able to exercise their right at the meeting through e-voting.
8. The Members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again.
9. Members of the Company holding shares either in physical form or in dematerialized form as on the cut-off date Thursday, September 22, 2022 only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as voting at the AGM venue.
10. Once the vote on a resolution is cast by the member, he/she shall not be allowed to change it subsequently.
11. The results of the voting shall be announced within two working days of the conclusion of the AGM. The results declared along with the scrutinizers report shall be placed on the company website www.shaktipumps.com for the information of the members besides being communicated to stock exchange.
12. The shareholders may contact Company Secretary of the company for any grievances connected with electronic voting.

**Mr. Ravi Patidar** (Company Secretary)
**SHAKTI PUMPS (INDIA) LIMITED**
Regd. Office: Plot No. 401, 402 & 413, Sector III, Industrial Area, Pithampur, Dist. Dhar (M.P.)-454774
Tel: 07292-410552, Email: cs@shaktipumpsindia.com

By order of the Board
for **Shakti Pumps (India) Limited**
Sd/-
Company Secretary
ACS:32328

Date: **08th September, 2022**
Place: **Pithampur**

## खबरों में रहे स्टॉक



### पेन्नार इंडस्ट्रीज




इसके विभिन्न कारोबारी कार्यक्षेत्रों में 511 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले

₹ 47.8 पिछला बंद भाव
₹ 47.9 आज का बंद भाव
0.21 % ▲

### पैनेसिया बायोटेक




यूएसएफडीए ने हिमाचल प्रदेश के बद्दी में सुविधा केंद्र के लिए 8 आब्जर्वेशन जारी किए

₹ 139.0 पिछला बंद भाव
₹ 138.5 आज का बंद भाव
-0.3 % ▼

### हिंदुस्तान जिंक




खाद और फसल रसायन निर्माण के लिए हिंदुस्तान जिंक फर्टिलाइजर्स गठित

₹ 287.6 पिछला बंद भाव
₹ 288.7 आज का बंद भाव
0.4 % ▲

### सीई इन्फो सिस्टम्स




नवगति टेक में 3 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया

₹ 1,358.8 पिछला बंद भाव
₹ 1,369.5 आज का बंद भाव
0.8 % ▲

### तानला प्लेटफॉर्म्स




बोर्ड ने इक्विटी शेयरों की पुनर्खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की

₹ 796.6 पिछला बंद भाव
₹ 834.4 आज का बंद भाव
4.7 % ▲

## संक्षेप में

### अदाणी की ऋण संबंधी रिपोर्ट में मिली त्रुटियां

फिच ग्रुप की इकाई क्रेडिटसाइट्स ने कहा कि उसने प्रबंधन के साथ बातचीत करने के बाद भारत के सबसे अमीर व्यक्ति गौतम अदाणी के नियंत्रण वाली बिजली और पारेषण क्षेत्र की दो कंपनियों के संबंध में अपनी हालिया ऋण रिपोर्ट में गणना की त्रुटियां पाई हैं। पिछले महीने के आखिर में क्रेडिटसाइट्स की रिपोर्ट में समूह को भारी कर्ज में डूबा हुआ बताया था। *रॉयटर्स*

### एमेजॉन ने सीट बेल्ट अलार्म अवरोधक हटाए

एमेजॉन डॉट कॉम इंक ने गुरुवार को कहा कि उसने कार सीटबेल्ट अलार्म को अक्षम करने वाले उत्पादों की सूची को भारतीय मार्केटप्लेस से हटा दिया है। एक दिन पहले ही देश के परिवहन मंत्री ने कहा था कि उन्होंने कंपनी को ऐसे उपकरणों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा है। सप्ताहांत में दिग्गज कारोबारी साइरस मिस्त्री की एक कार दुर्घटना में मौत के बाद भारत में सड़क सुरक्षा का मसला सुर्खियों में हैं। *रॉयटर्स*

# पूंजी जुटा रही टाटा रियल्टी

## टीआरआईएल ने नए ऋण के तौर पर 6,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है

**देव चटर्जी**
मुंबई, 8 सितंबर



### कोष उगाही

- **टाटा समूह भी कोष जुटाने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं बेचने वाली अन्य कंपनियों की राह पर चल रहा है**
- **अगस्त में मैक्वेरी एशिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड ने अपनी सड़क परियोजनाएं अदाणी रोड ट्रांसपोर्ट (एआरटीएल) को बेची थीं**

टाटा संस की सहायक इकाई टाटा रियल्टी ऐंड इन्फ्रास्ट्रक्चर (टीआरआईएल) ने कोष जुटाने की योजना बनाई है। कंपनी ने अपने शेयरधारकों को भेजी जानकारी में कहा है कि उसने हाल में शुरू की गईं दो सड़क एवं धर्मशाला रोपवे परियोजनाएं बेचकर यह पूंजी जुटाने की योजना तैयार की है।

गैर-सूचीबद्ध रियल एस्टेट एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास कंपनी पुणे मेट्रो रेल परियोजना समेत अपनी नई परियोजनाओं के लिए 6,000 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाने की योजना बना रही है। टीआरआईएल ने पुणे-सोलापुर मार्ग, हम्पी एक्सप्रेसवे और राष्ट्रीय राजमार्ग के उदयपुर-चित्तौड़गढ़ खंड पर कई प्रमुख सड़क परियोजनाएं तैयार की हैं। इसके अलावा कंपनी ने गुड़गांव, कोच्चि और नागपुर में कई आवासीय परियोजनाएं और गुड़गांव में विभिन्न वाणिज्यिक आवासीय परियोजनाएं तैयार की हैं। कंपनी ने परियोजनाओं के मूल्यांकन के बारे में जानकारी नहीं दी है

टाटा समूह कोष जुटाने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाएं बेचने वाली अन्य कंपनियों की राह पर चल रहा है। इस साल अगस्त में मैक्वेरी एशिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड ने अपनी सड़क परियोजनाएं अदाणी एंटरप्राइजेज की सहायक इकाई अदाणी रोड ट्रांसपोर्ट (एआरटीएल) को 3,110 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्यांकन पर बेची थीं। अगस्त में ही, नैशनल इन्वेस्टमेंट ऐंड इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड ने शापूरजी पालोंजी ग्रुप के एसपी जम्मू उधमपुर हाईवे में 100 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी 2,291 करोड़ रुपये में खरीदी थी।

जून में, इंडइन्फ्राविट ट्रस्ट ने ब्रुकफील्ड के फंडों से पांच चालू सड़क परियोजनाओं की संपूर्ण इक्विटी शेयरधारिता करीब 9,498 करोड़ रुपये में खरीदने पर सहमति जताई थी। समान महीने में, इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में प्रख्यात वैश्विक निवेशक ऐक्टिस ने वेलस्पन एंटरप्राइजेज से 6,000 करोड़ रुपये में 6 चालू राजमार्ग टोल सड़क परियोजनाएं खरीदी थीं। बैंकरों का कहना है कि कई अन्य कंपनियां कर्ज चुकाने के साथ साथ नई परियोजनाओं के लिए नकदी जुटाने के लिए अपनी सड़क परियोजनाएं बेचने पर जोर दे रही हैं। इस साल मार्च में समाप्त हुए वित्त वर्ष में टाटा रियल्टी ने 83.3 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था। कंपनी ने इस साल 30 जून तक अपनी उधारी सीमा का 4,220 करोड़ रुपये हिस्सा हासिल किया है। कंपनी ने अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा है कि जब कंपनी को 14 सितंबर की बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी मिल जाएगी तो वह गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के जरिये कोष जुटाने की योजना पर आगे बढ़ेगी। टाटा रियल्टी ने इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की बिक्री या मूल्यांकन के बारे में कोई बयान नहीं दिया है।

रियल एस्टेट और इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र के लिए परिदृश्य पर कंपनी ने कहा है कि ऐसे संकेत दिखे हैं कि सरकार द्वारा, खासकर पर्वतमाला पहल के तहत रोपवे और बड़ी निवेश जरूरतों के लिए इन्फ्रास्ट्रक्वर विकास को बढ़ावा दिया जाएगा।

# गूगल प्ले शुरू करेगा प्रायोगिक कार्यक्रम

**शिवानी शिंदे**
मुंबई, 8 सितंबर

### गेमिंग पर ध्यान

- **रियल-मनी गेम्स, डेली फैंटसी स्पोर्ट्स और रमी ऐप का वितरण होगा सक्षम**
- **28 सितंबर से शुरू होकर एक साल तक चलेगा कार्यक्रम**

**गूगल** प्ले एक ऐसा प्रायोगिक कार्यक्रम शुरू कर रहा है, जो देश के डेवलपरों द्वारा रियल-मनी गेम्स, डेली फैंटसी स्पोर्ट्स (डीएफएस) और रमी ऐप का भारत में वितरण सक्षम करता है।

यह कार्यक्रम 28 सितंबर, 2022 से शुरू होकर एक साल तक चलेगा और उपयोगकर्ताओं के लिए सीखने की व्यवस्था करेगा तथा सुरक्षित अनुभव बनाए रखेगा। गूगल के प्रवक्ता ने कहा 'हम स्थानीय डेवलपरों के लिए सफल कारोबार करने और गूगल प्ले पर सुखद अनुभव प्रदान करने के तरीके लगातार तलाश रहे हैं। इस प्रायोगिक कार्यक्रम के जरिये हम एक ऐसा नपा-तुला नजरिया अपना रहे हैं, जो हमारी व्यवस्थित रूप से सीखने में मदद करेगा और हमारे उपयोगकर्ताओं के लिए सुखद तथा सुरक्षित अनुभव कायम रखेगा।'

भारत में रियल-मनी गेम ऐप के डेवलपरों के लिए यह खबर महत्त्वपूर्ण है क्योंकि वर्तमान में डीएफएस गेम और रम्मी गेम को गूगल प्ले की ओर प्रतिबंधित कर दिया गया है क्योंकि यह प्लेटफॉर्म की खेल नीति का उल्लंघन करते हैं। इस श्रेणी की कुछ कंपनियों में ड्रीम 11, मोबाइल प्रीमियर लीग (एमपीएल) और गेम्स 24x7 जैसी यूनिकॉर्न शामिल हैं।

अलबत्ता उद्योग की कंपनियों का कहना है कि रीयल-मनी गेम ऐप्स पर गूगल प्ले का नजरिया और अधिक समावेशी होना चाहिए। ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन (एआईजीएफ) के मुख्य कार्याधिकारी रोलैंड लैंडर्स ने कहा कि एआईजीएफ कुछ समय से इस बात की पैरवी करता आ रहा है कि भारतीय ऑनलाइन स्किल गेमिंग उद्योग को बढ़ावा देने के लिए गूगल प्ले स्टोर पर कौशल वाले सभी खेलों की अनुमति दी जाए। हालांकि कौशल वाले खेलों की व्यापक श्रेणी है तथा फैंटेसी गेमिंग और रमी खेलों के केवल दो ही ऐसे प्रारूप हैं, जिन पर गूगल इस प्रायोगिक कार्यक्रम में विचार कर रहा है।

SHAKTI®
PUMPING LIFE

**शक्ति पम्पस् (इंडिया) लिमिटेड**

सीआईएन : L29120MP1995PLC009327
पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट नं. 401, 402 एवं 413, सेक्टर-III, इण्डस्ट्रीयल एरिया, पीथमपुर, जिला धार (म.प्र.)-454 774 फोन: 07292-410500, फैक्स: 07292-410645
ई-मेल : cs@shaktipumpsindia.com, वेबसाईट : www.shaktipumps.com

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम से आयोजित होने वाली 27वीं वार्षिक आम बैठक, पुस्तक बंद तथा ई-वोटिंग के बारे में सदस्यों को सूचना**

यह हमारे द्वारा पहले दिनांक 27 अगस्त, 2022 के संचार के क्रम में है, एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के सदस्यों की 27वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) गुरुवार, 29 सितंबर, 2022 को दोपहर 01:00 बजे कंपनी अधिनियम, 2013, सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 और इस संबंध में कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा जारी किए गए कई परिपत्र के अनुसार जो कि आम स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/ अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय के संपादन हेतु आयोजित की जाएगी। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा प्रदान किए गए इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म के माध्यम से सदस्यों को एजीएम में भाग लेने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

उपरोक्त परिपत्रों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए 27वीं एजीएम की सूचना के साथ कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट की इलेक्ट्रॉनिक प्रति बुधवार, 7 सितंबर, 2022 को ई-मेल के माध्यम से उन सदस्यों को भेज दी गई है, जिन सदस्यों का ई-मेल पता कंपनी या शेयर ट्रांसफर एजेंट या उनके संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डीपी) के पास पंजीकृत हैं। उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट यानी www.shaktipumps.com, स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट यानी बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com, एनएसई लिमिटेड www.nseindia.com और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट www.evotingindia.comपर भी उपलब्ध है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 10 और सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 42, के अनुसार सदस्यों के रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स कंपनी की 27वीं एजीएम एवं लाभांश वितरण, यदि एजीएम में घोषित किया जाता है, के उद्देश्य से शुक्रवार, 23 सितंबर, 2022 से गुरुवार, 29 सितंबर, 2022 (जिसमें दोनों दिवस शामिल) तक बंद रहेगी।

कंपनी के सदस्यों को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 108 और उसके तहत लागू कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 यथा-संशोधित और सेबी (एलओडीआर) विनियमों 2015 के विनियम 44 के अनुसार इस कंपनी ने 27वीं एजीएम सूचना में दिए संकल्पों पर इलेक्ट्रॉनिक के माध्यम से मतदान करने के लिए सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा सभी सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग (एजीएम से पूर्व) तथा ई-वोटिंग (एजीएम के दौरान) की सुविधा प्रदान की गई है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों और उसके तहत निर्धारित प्रासंगिक नियमों के अनुसार विवरण इस प्रकार हैं:

1. ए.जी.एम. की सूचना में निर्दिष्ट संकल्पों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से निष्पादित किया जायेगा।
2. रिमोट ई-वोटिंग शुरू होने का दिन, तिथि और समय: रविवार, 25 सितंबर, 2022 को पूर्वाह्न 9 बजे से।
3. रिमोट ई-वोटिंग की समाप्ति का दिन, तिथि और समय: बुधवार, 28 सितंबर, 2022 को सायं 5 बजे तक।
4. रिमोट ई-वोटिंग की कट-ऑफ तिथि: 22 सितंबर, 2022।
5. यदि कोई सदस्य ए.जी.एम. सूचना के प्रेषण के बाद कंपनी की सदस्यता अर्जित करते हैं तथा कंपनी का सदस्य बनते हैं तथा कट-ऑफ़ तिथि यानि गुरुवार, 22 सितम्बर 2022 को शेयर धारित करते हैं; और यदि उनके डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के पास उनका पैन अपडेट है, तो उन्हें ए.जी.एम. की सूचना में दी गई लॉगिन आईडी तथा पासवर्ड बनाने की प्रक्रिया का अनुसरण करना होगा। यदि ऐसे व्यक्ति ई-वोटिंग के लिए सी.डी.एस.एल. के पास पहले से पंजीकृत हैं तो मतदान करने के लिए वर्तमान यूजर आईडी तथा पासवर्ड का उपयोग कर सकते हैं। अगर सदस्य अपना यूजर आईडी/ पासवर्ड भूल गए हैं उस परिस्थिति वह www.evotingindia.com पर Forget User Details/ Password विकल्प का उपयोग कर अपना आईडी/ पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं अथवा सी.डी.एस.एल. के टोल फ्री नं. 1800-22-5533 पर संपर्क कर सकते हैं।
6. बुधवार, 28 सितंबर, 2022 को सायं 05.00 बजे के बाद इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से ई-वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी।
7. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा एजीएम में उपलब्ध कराई जाएगी और बैठक में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वे ई-वोटिंग के माध्यम से बैठक में अपने अधिकार का उपयोग करने में सक्षम रहेंगे।
8. जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी एजीएम में शामिल हो सकते हैं लेकिन फिर से वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।
9. जिन सदस्यों का नाम कट-ऑफ तिथि गुरुवार, 22 सितम्बर 2022 को डिपॉजिटरीज द्वारा प्रबंधित लाभ भोगी स्वामियों के रजिस्टर में अथवा सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज है, वे ही रिमोट ई-वोटिंग के साथ ही साथ वार्षिक साधारण सभा में मतदान की सुविधा का लाभ उठाने के लिए अधिकृत होंगे।
10. सदस्य द्वारा एक बार किसी प्रस्ताव पर वोट कर दिए जाने के बाद उसमें बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
11. मतदान के परिणाम एजीएम के समापन के दो कार्य दिवसों के भीतर घोषित किए जाएंगे। स्क्रूटिनाइजर्स रिपोर्ट के साथ घोषित परिणाम सदस्यों की जानकारी के लिए स्टॉक एक्सचेंज को सूचित किए जाने के अलावा कंपनी की वेबसाइट www.shaktipumps.comपर भी रखा जाएगा।
12. इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग से जुड़ी किसी भी शिकायत के लिए शेयरधारक कंपनी के कंपनी सचिव से संपर्क कर सकते हैं।

**रवि पाटीदार** (कंपनी सचिव)
**शक्ति पम्पस् ( इंडिया ) लिमिटेड**
पंजीकृत पता: प्लॉट नं. 401, 402 एवं 413,
सेक्टर III, औद्योगिक क्षेत्र, पीथमपुर, जिला धार (म.प्र.)-454774
दूरभाष: 07292-410552
ई-मेल: cs@shaktipumpsindia.com

बोर्ड के आदेश से
द्वारा **शक्ति पम्पस् ( इंडिया ) लिमिटेड**
कंपनी सचिव
ए.सी.एस. 32328

दिनांक: **8 सितम्बर, 2022**
स्थान: **पीथमपुर**

# ई-कॉमर्स में बड़ा दांव लगाएगी जेएसडब्ल्यू

**ईशिता आयान दत्त और विवेट सुजन पिंटो**
कोलकाता/मुंबई, 8 सितंबर

**सज्जन** जिंदल के नियंत्रण वाली जेएसडब्ल्यू ग्रुप वित्त वर्ष 2032 तक 20 अरब डॉलर की सकल व्यावसायिक वैल्यू (जीएमवी) के लक्ष्य के साथ जेएसडब्ल्यू वन प्लेटफॉर्म्स को बिल्डिंग मैटेरियल उद्योग में ई-कॉमर्स दिग्गज बनाने की तैयारी कर रही है।

दिसंबर 2021 में समूह की ई-कॉमर्स पहल के तौर पर शुरू की गई जेएसडब्ल्यू वन प्लेटफॉर्म्स उसके स्टील, सीमेंट और पेंट व्यवसायों के लिए अतिरिक्त वितरण इकाई है। भविष्य में इनमें से प्रत्येक सेगमेंट में कंपनियों का बड़ा हिस्सा जेएसडब्लयू वन से हासिल होने की संभावना है। लेकिन इससे थर्ड पार्टी ब्रांड भी जुड़े होंगे।

वित्त वर्ष 2032 तक 20 अरब डॉलर की जीएमवी के लक्ष्य में से जेएसडब्ल्यू उत्पादों का योगदान 65 प्रतिशत रहने की संभावना है, शेष भागीदारी गैर-जेएसडब्ल्यू की होगी।

जेएसडब्ल्यू वन प्लेटफॉर्म्स के निदेशक पार्थ जिंदल ने कहा, 'हमारा मानना है कि यह समूह के लिए बेहद बड़ा बी2बी ई-कॉमर्स दांव होगा।'

जेएसडब्ल्यू वन प्लेटफॉर्म्स मौजूदा समय में दो व्यावसायिक खंडों में परिचालन करता हैः बी2बी स्पेस में जेएसडब्ल्यू वन एमएसएमई प्लेटफॉर्म और बी2सी स्पेस में जेएसडब्ल्यू वन होम्स प्लेटफॉर्म्स।

जिंदल ने कहा कि व्यवसाय ने सालाना वृद्धि दर के संदर्भ में 1,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया था और अच्छी तेजी दर्ज की थी। उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2023 का समापन 3,000 करोड़ रुपये की जीएमवी के साथ होगा। वित्त वर्ष 2024 के लिए लक्षित जीएमवी 1 अरब डॉलर है।

एमएसएमई सेगमेंट और होम्स में परिचालन का दायरा देश के दक्षिणी और पश्चिमी हिस्सों तक सीमित है। जिंदल ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि इस वित्त वर्ष के अंत तक हम पूरे दक्षिण और पश्चिम भारत को शामिल कर लेंगे और वित्त वर्ष 2024 के अंत तक पूरे देश में सेवाएं मुहैया कराएंगे।'

# लूना के ई-अवतार की बिक्री नवंबर से!

**शैली सेठ मोहिले**
मुंबई, 8 सितंबर

**वर्ष** 1970 के दशक में शहरी भारत को पंख मुहैया कराने वाला पहला ब्रांड लूना अपने इलेक्ट्रिक अवतार में लौट रहा है। लाइसेंस राज के अन्य लोकप्रिय दोपहिया ब्रांड चेतक व लैंब्रेटा के साथ लूना जुड़ रहा है क्योंकि इन ब्रांडों के इलेक्ट्रिक अवतार भी उतरने वाले हैं।

इस साल नवंबर से ई-लूना की बिक्री शुरू हो सकती है। यह वाहन अफोर्डेबल व अन्य विशेषताओं का अपना तमगा बरकरार रखेगी। यह कहना है काइनेटिक ग्रीन एनर्जी ऐंड पावर सॉल्युशंस की संस्थापक सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी का।

उन्होंने कहा, ई-लूना अफोर्डेबल, सुविधाजनक और हल्के भार वाला मॉडल होगा। यह मोपेड का अत्याधुनिक संस्करण और स्टाइल से लैस होगा और हमने लूना की वही वैल्यू बरकरार रखी है। यह तेजी से बढ़ रही ई-कॉमर्स डिलिवरी की समस्या का समाधान करेगा और कस्टमाइज्ड डिलिवरी में भी इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। हाल के समय में उतारे जाने वाले ज्यादातर पुराने ब्रांड (चाहे जावा हो या यजदी या वेस्पा या चेतक) नई तकनीक व स्टाइल के साथ पूरी तरह से नए रूप में पेश किए गए हैं। ब्रांडबिल्डिंग डॉट कॉम के संस्थापक अंबी परमेश्वरन ने कहा, नई पीढ़ी के खरीदारों को पुराने ब्रांड तब तक पसंद नहीं आएंगे जब तक कि उन्हें अत्याधुनिक न बनाया जाए। उन्होंने कहा, वाहन कंपनियां अपने पुराने ब्रांड को दोबारा उतार रही हैं, जैसा कि पूरी दुनिया में हो रहा है। उन्होंने फोक्सवैगन बीटल, बीएमडब्ल्यू मिनी कूपर और फोर्ड मस्टैंग का हवाला देते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा, पुराने ब्रांड को कामयाबी के साथ उतारने के लिए उन्हें पूरी तरह से अत्याधुनिक बनाया गया। इस लिहाज से बजाज चेतक का मामला दिलचस्प है। ई-लूना तीन ई-दोपहिया ब्रांड में से एक है जिसे कायनेटिक ने वापस लाने की योजना बनाई है।

# अगस्त में वाहन बिक्री ने पकड़ी रफ्तार

**शाइन जैकब**
चेन्नई, 8 सितंबर



**फेडरेशन** ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने गुरुवार को कहा कि भारत की खुदरा वाहन बिक्री अगस्त में सभी श्रेणियों में सालाना आधार पर 8.31 प्रतिशत तक बढ़ी। इसे संगठन ने त्योहारों के शुरू में वाहन व्यवसाय के लिए उत्साहजनक नहीं माना है।

अगस्त में दोपहिया बिक्री 8.5 प्रतिशत तक और तिपहिया बिक्री 8.3 प्रतिशत तक बढ़ी। यात्री और वाणिज्यिक वाहन बिक्री में 6.5 प्रतिशत और 24 प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया गया। ट्रैक्टर बिक्री में 32 प्रतिशत की कमी आई।

फाडा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा, 'अगस्त महीने के लिए ऑटो रिटेल में 8 प्रतिशत की संपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई। अगस्त से ही त्योहारी सीजन की शुरुआती होने लगती है। जहां डीलरों ने अगस्त में गणेश चतुर्थी शानदार रहने की उम्मीद जताई थी, वहीं अब तक परिणाम उतना ज्यादा उत्साहजनक नहीं रहा है। अच्छे मॉनसून के बावजूद, गणेश चतुर्थी के साथ त्योहारी सीजन के सुस्त शुरुआत हुई।'

जब अगस्त 2019 और कोविड से पहले की अवधि के साथ तुलना की जा तो पता चलता है कि कुल वाहन रिटेल बिक्री 7.45 प्रतिशत तक घटी है। यात्री वाहन बिक्री 41 प्रतिशत बढ़ी, वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री भी अगस्त 2019 के मुकाबले 6 प्रतिशत बढ़ी। तुलनात्मक तौर पर अन्य सभी सेगमेंटों की बिक्री कमजोर रही और दोपहिया, तिपहिया तथा ट्रैक्टर बिक्री में 16 प्रतिशत, 1 प्रतिशत और 7 प्रतिशत तक की कमजोरी दर्ज की गई। लगातार चिंता का कारण दोपहिया सेगमेंट है जो स्वामित्व और कीमतों की बढ़ती लागत से प्रभावित हुआ है।

# ई-कॉमर्स क्षेत्र के दिग्गज अहम

**पीरजादा अबरार और शिवानी शिंदे**
बेंगलूरु/मुंबई, 8 सितंबर



**पिछले** साल दिसंबर में जब डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क (ओएनडीसी) की परिकल्पना की गई थी, तब एमेजॉन और फ्लिपकार्ट जैसी ई-कॉमर्स दिग्गजों का दबदबा कम करने की योजना थी। यह देश के विखंड़ित, लेकिन तेजी से बढ़ते एक लाख करोड़ डॉलर के खुदरा बाजार में छोटे कारोबारियों को समान अवसर प्रदान करने के लिए भी था।

हालांकि अब ये लक्ष्य बदल गए हैं, क्योंकि फ्लिपकार्ट, एमेजॉन और ईकॉम एक्सप्रेस जैसी बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियां ओएनडीसी टीक के साथ विभिन्न स्तर पर बातचीत कर रही हैं।

उद्योग के सूत्रों के अनुसार वे नेटवर्क के साथ एकीकरण के साथ-साथ इसे बनाने के लिए अपनी विशेषज्ञता प्रदान करने जैसी साझेदारी करना चाहते हैं। हालांकि इन बड़ी कंपनियों में से कोई भी अपने बड़े खरीदार या विक्रेता नेटवर्क को अब तक ओएनडीसी पर नहीं लाए हैं।

गूगल और रिलायंस समर्थित डंजो, पेटीएम, फोनपे और रिलायंस रिटेल के स्वामित्व वाली लॉजिस्टिक कंपनी ग्रैब जैसे भागीदार भी हैं, जो विभिन्न सेवाएं प्रदान करने के लिए ओएनडीसी में शामिल हो रहे हैं।

उद्योग के एक सूत्र ने कहा कि शुरू में ओएनडीसी की कल्पना दुनिया में एमेजॉन और फ्लिपकार्ट का दबदबा कम करने और भारत में ई-कॉमर्स का लोकतंत्रीकरण करने वाले मंच के रूप में की गई थी। उन्होंने कहा कि अब ओएनडीसी इस प्लेटफॉर्म के निर्माण के लिए विभिन्न साझेदारी बनाने के लिए फ्लिपकार्ट, एमेजॉन और अन्य कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है।

एमेजॉन अपनी विशेषज्ञता प्रदान करने के लिए ओनएडीसी के साथ काम कर रहा है। अपने ई-कॉमर्स का बुनियादी ढांचा तैयार करने और उपभोक्ताओं के बीच विश्वास बनाने में फर्म को एक दशक का समय लगा तथा 6.5 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करना पड़ा।

कंपनी ने कहा है कि वह पूरी तरह से सरकार के डिजिटलीकरण दृष्टिकोण के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें किराना, स्थानीय दुकानों तथा छोटे और मध्यम कारोबार शामिल हैं।

अलबत्ता वह ओनएडीसी प्लेटफॉर्म के आर्किटेक्चर के संबंध में स्पष्टता प्रदान कराने की प्रतीक्षा कर रही है। एक सूत्र ने कहा कि आर्किटेक्चर के संबंध में स्पष्टता होने के बाद, आप एमेजॉन को यथा संभव अधिक से अधिक समाधान के साथ साझेदारी करते हुए पाएंगे।

एमेजॉन की मुख्य प्रतिस्पर्द्धी फ्लिपकार्ट भी अपनी आपूर्ति श्रृंखला की लॉजिस्टिक शाखा ईकार्ट को एकीकृत करने के लिए ओएनडीसी के साथ काम कर रही है। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने कहा कि ईकार्ट ओएनडीसी के आपूर्ति श्रृंखला के भागीदारों में शुमार होगी।

इन्फोसिस के चेयरमैन और ओएनडीसी की सलाहकार परिषद के सदस्य नंदन नीलेकणि ने कहा 'भारत ऐसा डिजिटल प्लेटफॉर्म बना रहा है, जो खुला, समावेशी और सार्वभौमिक हैं तथा वह और ज्यादा अवसर पैदा करता है।'

# इंट्रा-नेजल टीके के बूस्टर को इंतजार

**सोहिनी दास**
मुंबई, 8 सितंबर

### भारत बायोटेक

- **कंपनी को दो खुराक वाली रेजिमेन के तौर पर इनकोवैक के लिए संभावित बाजार नहीं दिख रहा है**

**इनकोवैक** टीके को भारतीय नियामक की मंजूरी मिल गई है। लगभग सभी पात्र आबादी कोविड-19 टीके की पहली खुराक ले चुकी है जिससे कंपनी के पास प्राथमिक दो खुराक वाली दवा के तौर पर इनकोवैक के रूप में संभावित बाजार नहीं रह गया है। कंपनी कोविशील्ड और कोवैक्सीन के बाद इस टीके को बूस्टर शॉट के तौर पर पेश करने के लिए मंजूरी का इंतजार कर रही है।

भारत बायोटेक के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक कृष्ण एल्ला ने स्वीकार किया कि अब इस तरह के टीके के लिए जरूरत कम रह गई थी। उन्होंने कहा, 'कोविड-19 टीकों के लिए मांग के अभाव के बावजूद, हमने इंट्रा-नेजल (नाक के जरिये दिया जाने वाला टीका) वैक्सीन सेगमेंट में यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार विकास किया कि हम आगामी संक्रामक बीमारियों के लिए प्लेटफॉर्म प्रौद्योगिकियों के साथ पूरी तरह तैयार हैं।'

कंपनी ने कोविशील्ड और कोवैक्सीन के बाद हेटरोलॉजस के तौर पर टीके के इस्तेमाल के लिए चिकित्सकीय परीक्षण किए हैं, और इसकी रिपोर्ट भारत के औषधि महानियंत्रक (डीजीसीआई) को सौंप दी है। भारत बायोटेक ने यह टीका बच्चों के लिए उपलब्ध कराने के संबंध में अपनी योजनाओं पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

भोपाल संस्करण बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा दैनिक भास्कर, प्लॉट नं. 10 व 11, सेक्टर बी, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल, म. प्र. 462023 से मुद्रित एवं सी/ओ अशोक कुमार जैन, शॉप नं. 1, पटेल मार्केट, संगम टॉकीज के समीप, भोपाल- 462001 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल\ आरएनआई नं. MPHHIN/2008/24325 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्सबिजनेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं